**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 29 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल शाम उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया। देशभर के खिलाडियों ने एकजुटता दर्शाते हुए भव्य परेड में भाग लिया। इस अवसर पर ओलिम्पिक खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय खेल मशाल- तेजस्विनी सौंपी। इस मशाल ने 13 जिलों से गुजरते हुए 4 हजार किलोमीटर की यात्रा तय की है।प्रधानमंत्री ने देव भूमि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे राज्य के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय खेल भारत के पारंपरिक खेलों के आयोजन के साथ साथ हरित पर्यावरण को भी बढावा दे रहे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों का भारत की विकास यात्रा में अभिन्न स्थान है। उन्होंने कहा कि देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दशक में खेलों के लिए बजट तिगुना कर दिया गया है जिससे **खेलो इंडिया** जैसी पहल के तहत आधुनिक सुविधाएं संभव हुई हैं।फिट इंडिया अभियान के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने युवाओं से स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली अपनाने का अग्रह किया। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और वैश्विक खेल जगत में भारत की स्थिति मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

*****************************************************************

पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर आज से अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह का शुभारंभ कर रहे हैं। तीर्थ स्थल पर आज से सरस मेले का आयोजन भी किया गया है जो 4 फरवरी तक चलेगा। इस 7 दिवसीय महोत्सव के दौरान 2 फरवरी तक मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा है कि हरियाणा सरस्वती

धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से आदि बद्री से लेकर रन आफ कच्छ तक सरस्वती नदी के मार्ग पर आने वाले सभी ऐतिहासिक तीर्थों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में 30 जनवरी से पहली फरवरी तक सरस्वती नदी पर एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार में  देश भर के शोधकर्ता और वैज्ञानिक तथा सरस्वती पर शोध करने वाले विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक भाग लेंगे।

*****************************************************************

हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने अधिकारियों से पायलट प्रशिक्षुओं के लिए बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने को कहा है ।कल हरियाणा सिविल सचिवालय में अधिकारियों के साथ उड्डयन विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए प्रदेश के युवाओं को फ्लाइंग स्कूल में बेहतर सुविधा मिले और अच्छे प्रशिक्षक मिलें।बैठक के दौरान उन्होंने हिसार हवाई अड्डे के संचालन के लिए लाइसेंस संबंधी नवीनतम जानकारी लेने और शेष प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए गति से काम करने को कहा। मंत्री ने अंबाला में बनने वाले हवाई अड्डे के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी ली और कहा कि प्रत्येक कार्य को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाए।बैठक के दौरान हरियाणा से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने पर भी विचार हुआ । इस दौरान मंत्री को गुरुग्राम से खाटूश्याम और गुरुग्राम से सालासर धाम के लिए हेलीकॉप्टर रूट के सम्बन्ध में जानकारी दी। श्री विपुल गोयल ने उन्हें गुरुग्राम से चंडीगढ़ और हिसार से चंडीगढ़ के बीच हेलीकॉप्टर सेवा की रिपोर्ट तैयार करने को कहा।बैठक के दौरान कई अन्य विषयों की भी समीक्षा की गई।

*****************************************************************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से दूसरी पीढ़ी के **नेविगेशन सेटैलाइट एन.वी.एस.-02** का सफल प्रक्षेपण किया। इसे सुबह छह बजकर 23 मिनट पर जी.एस.एल.वी.-एफ-15 प्रक्षेपण यान से छोड़ा गया। सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से यह इसरो का सौंवा ऐतिहासिक प्रक्षेपण है।

************************************************************

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि कृषि उत्पादन के साथ-साथ उद्योग की तरक्की भी देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है।वे कल पानीपत मेंकपड़ा उद्योग संघ के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे देश भी विकास कर रहे हैं क्योंकि वहां के लोगों द्वारा उद्योग को बढ़ावा दिया जाता है। इस से पहले उन्होंने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित कपड़ा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और इसका अवलोकन करते हुए आधुनिक मशीनों द्वारा तैयार उत्पादों की जानकारी ली।